दिल्ली विकास प्राधिकरण की 'आपका अपना मकान' योजना

*1022. श्री रामानन्द तिवारी : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा घोषित 'आपका अपना मकान' योजना के लिए पर्याप्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार योजना में सुधार करने का है ताकि अधिक संख्या में आवेदक आवेदन दे सकें ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

भारतीय खाद्य निगम द्वारा सेना को दालों की सप्लाई

*1023. श्री हरगोविन्द वर्मा : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा सेना क्रय संगठन को दालों आदि की सप्लाई की ठेका दरें इस बार ऊंची हैं और यदि हां, तो कितनी और इसके क्या कारण हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो गत तीन वर्षों में ये वस्तुएं किन दरों पर सप्लाई की गई थीं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) 1977–78 के दौरान भारतीय खाद्य निगम द्वारा सेना क्रय संगठन को दालें आदि सप्लाई करने के लिए ठेका दरों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

*1025. श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है अथवा नहीं; और

(ख) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उसे अनुदान न देने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : (क) और (ख) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रबन्धकों के दो दलों में इसके नियंत्रण और प्रशासन के सम्बन्ध में झगड़े हैं। प्रत्येक दल अपने कानूनी प्राधिकारी होने का दावा करता है तथा अपने पक्ष में अनुदान जारी करने की मांग कर रहा है। अतः सरकार ने झगड़ों का निपटारा होने तक कोई अनुदान न देने का निर्णय किया है।

Non-provision of question papers in Urdu for students of Higher Secondary Examination in Delhi

*1026. SHRI K. RAMAMURTHY: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether the Central Board of Secondary Education is unable to provide question papers in Urdu for Urdu medium students of Higher Secondary Examination in Delhi this year;

(b) if so, the reasons for the same; and